हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 गर्मी का एहसास: जिले में 23 दिन में ही 854.68 लाख यूनिट...



07 बाजार के सुधार के लिए व्यापारी संघ करेगा पहल, आज सौंपे जाएंगे ...



## खबर संक्षेप

### हाईवे पर बाइक आपस में भिड़ीं, सवार घायल

**पिपरिया**–बरेली हाईवे पर गुरुवार शाम गाड़ाघाट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार दिनेश राजपूत और सुमेर सिंह घायल हो गए। टक्कर के बाद सुमेर सिंह हार्वेस्टर के पहिए के पास गिर गया। चालक ने समय रहते ब्रेक लगा दिए, जिससे वह पहिए के नीचे आने से बच गया। हादसे के समय हार्वेस्टर के पीछे पिपरिया अस्पताल की जननी एंबुलेंस आ रही थी। एंबुलेंस चालक राधेश्याम रघुवंशी और अस्पताल स्टाफ के मनोहर व वीरेंद्र रघुवंशी ने दोनों घायलों को उठाकर पिपरिया अस्पताल पहुंचाया।

### दिन भर छाए बादल सिवनी मालवा में वर्षा

**नर्मदापुरम।** नगर में गुरुवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। आसमान में छाए बादलों के कारण धूप का असर कम रहा, वहीं दोपहर करीब 3 बजे से बारिश की हल्की फुहारें शुरू हो गईं। फुहारों के चलते मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को दोपहर की गर्मी से राहत मिली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहने के कारण मौसम में बदलाव महसूस किया जा रहा था।

### इटारसी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# बैलगाड़ी से सागौन की अवैध तस्करी करते हुए तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश के इटारसी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सहेली बीट के जंगल में वन विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौन की अवैध कटाई और तस्करी करने वाले तीन आदतन अपराधियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। वन विभाग को कल रात जंगल में कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर टीम ने पूरी रात सघन सर्चिंग (खोजबीन) की। सुबह 4:30 बजे जंगल में मिले निशानों का पीछा करते हुए विभाग ने तीन बैलगाड़ियों को रोका, जिनमें अवैध रूप से काटी गई लकड़ी ले जाई जा रही थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमराज पिता महक पेंद्राम और प्रमोद पिता लखन पेंद्राम दोनों निवासी हिरनचापाड़ा, तथा तीसरे आरोपी हीरालाल पिता सरखन सेलूकर निवासी नया पोढ़ार के रूप में हुई है। इनमें आरोपी प्रमोद पेंद्राम एक पुराना अपराधी है, जो साल 2017 में भी लकड़ी चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है और सजायाफ्ता है।

इटारसी वन परिक्षेत्र की सहेली बीट के जंगल से सागौन काटकर बैलगाड़ियों से ले जा रहे तीन लोगों को वन विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह पकड़ा।



#### कुल्हाड़ी एवं बैलगाड़ी की गई जब्त

पूछताछ और दस्तावेजों की मांग करने पर आरोपी कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सके, जिसके बाद उन्होंने सागौन काटने की बात स्वीकार की। वन विभाग ने मौके से सागौन के चार लट्ठे (कुल मात्रा 0.519 घन मीटर), तीन बैलगाड़ियां और दो कुल्हाड़ियां जब्त की हैं।

#### सांभर के सींग और पक्षियों के घोंसले मिले



वन विभाग ने आरोपियों के पास से सागौन के चार लट्ठे जब्त किए हैं। लकड़ी की कुल मात्रा 0.519 घन मीटर है। इसके अलावा तीन बैलगाड़ियां, दो कुल्हाड़ी, सांभर के सींग और पक्षियों के दो घोंसले भी मिले हैं। वन विभाग फरार दो आरोपियों की तलाश कर रहा है। सागौन की कटाई और वन्यजीवों से जुड़ी सामग्री मिलने के मामले में जांच जारी है।

#### आरोपियों की हुई मेडिकल जांच

पकड़े गए सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया है, जबकि इस मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों की तलाश और गहन जांच जारी है। इससे पहले वन विभाग के अनुसार, बुधवार रात करीब 10 बजे सूचना मिली थी कि जंगल में सागौन के पेड़ काट रहे हैं।

## आबकारी विभाग की सघन कार्रवाई, 13 प्रकरण दर्ज

### 380 किलो लाहन, 50 लीटर कच्ची मदिरा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के आदेशानुसार और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में बुधवार को आबकारी विभाग ने जिले में सघन कार्रवाई की। आबकारी विभाग द्वारा नर्मदा घाटों, ग्वालटोली क्षेत्र और नर्मदापुरम-इटारसी हाइवे किनारे स्थित गौर ढाबा, शिवाय ढाबा, राजीव ढाबा पर दबिश दी गई। सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण कायम किए गए। इसमें 25 क्वार्टर विदेशी और 30 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 4,300 रुपये है। इसके अलावा सोहागपुर और इटारसी शहर में की गई अन्य दबिश कार्रवाई में 8 प्रकरण कायम किए गए। इनमें लगभग 1380 किलो महुआ लाहन और 50 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,47,000 रुपये आंकी गई।

कुल 13 प्रकरणों में कार्रवाई की गई। इस अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार, अशोक माहौरे, राहुल ढोके, अभिलाष पाठक, आबकारी उपनिरीक्षक के.के. पड़रिया, हितेश बिसोरिया, आर.पी. निमोदा, मुख्य आरक्षक दुर्गा प्रसाद मांझी, मदन रघुवंशी, दुर्गेश पठारिया और आरक्षक सुरेश सिकेरिया, धर्मेंद्र, बोबड़े, माया, रौनक, कंचना, सारिका का योगदान रहा।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर 23 से 27 अक्टूबर तक इंदौर में आयोजित सॉफ्टबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शाला की दो खिलाड़ी छात्राएं कुमारी प्रिया मीणा एवं शालिनी अहिरवार कक्षा आठवीं ने रजत पदक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में शाला के छात्र खिलाड़ी ज्योतिष मेहरा कक्षा दसवीं एवं छात्रा वंशिका मेहरा कक्षा 9वी ने रजत पदक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्था के खिलाड़ियों की इस गौरवमई उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य के के दुबे प्रधान पाठक मदन गोपाल तिवारी वरिष्ट शिक्षिका सपना गौर खेल शिक्षक सुनील शर्मा, प्रतिभा मिश्रा उत्कृष्ट खिलाड़ी शिक्षिका पूनम रैकवार संगीत शिक्षक दीपक शर्मा, मोहित शर्मा,



चंद्रशेखर गाड़े,अमित यादव, बृजेश यादव, कमलेश वर्मा, आदित्य राज शर्मा, नेहा दीवान, रितु दुबे, सुनीता तिवारी आदि शाला परिवार के सदस्यों ने बधाई देकर सम्मानित किया।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेला आयोजित

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा बुधवार को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में वर्धमान, फोर्स मोटर्स, एलआईसी, पुखराज, पुष्कल, रिलायंस, मणिपाल, सागर मैन्युफैक्चरिंग, एमआईसी, एसआईसी सिक्योरिटी गार्ड, फ्रीडम अकादमी, हाईटेक किसान सहित कंपनियों ने स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन से हुआ।

## नील मालवीय मौत मामला : पत्नी निकिता ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग, नपा की लापरवाही और नाले की सुरक्षा पर दागे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एमजीएम कॉलेज के सामने स्थित नाले में बीते 26 सितंबर को प्रियदर्शनी नगर न्यास कॉलोनी निवासी सुनील मालवीय का शव मिलने के चर्चित मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी निकिता मालवीय ने पुलिस प्रशासन, नगर पालिका और सूचना का अधिकार के जरिए मोर्चा खोलते हुए पति की मृत्यु की वास्तविक परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच और संबंधितों की जवाबदेही तय करने की पुरजोर मांग की है।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोटों का खुलासा



इटारसी थाने में दर्ज मर्ग के संदर्भ में निकिता मालवीय ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सुनील के सिर पर गंभीर चोटें और खोपड़ी में फ्रैक्चर पाया गया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल की वास्तविक स्थिति और नाले में गिरने के घटनाक्रम की गहराई से जांच कर मृत्यु का असली कारण स्पष्ट किया जाए।

#### नाले की सुरक्षा व्यवस्था व नपा की भूमिका

मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे आवेदन में निकिता ने घटना के वक्त नाले पर ढक्कन, रेलिंग, बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त लाइटिंग की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की है कि नाले के स्वामित्व, नियंत्रण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेकेदार की भूमिका तय की जाए। नाले से जुड़े सभी रखरखाव अभिलेख, पूर्व में मिली शिकायतें और निरीक्षण रिपोर्ट सुरक्षित रखी जाएं। दुर्घटनास्थल पर तत्काल आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं ताकि भविष्य में कोई अन्य हादसा न हो। मामले में प्रशासनिक जवाबदेही तय करने के लिए निकिता ने आरटीआई आवेदन के जरिए नाले के निर्माण, मरम्मत, कार्यादेश, ठेकेदार के अनुबंध की शर्तें और भुगतान संबंधी अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां मांगी हैं।

## 22 नवंबर से 26 नवंबर तक लगेगा बांद्राभान का मेला, अधिकारियों को सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर 22 नवंबर से 26 नवंबर तक तवा और नर्मदा नदी के संगम पर बांद्राभान का मेला आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने गुरुवार को कलेक्टोरेट में मेले की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि मेले में वाहनों एवं ट्रैफिक के बेहतर प्रबंधन के लिए ट्रैफिक एवं परिवहन विभाग कार्ययोजना तैयार करें। मेले के पास वाहनों की पार्किंग के लिए मार्किंग की जाए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि बांद्राभान मेले के लिए बस, मिनी बस, ऑटो सहित अन्य वाहनों के यात्री किराएं का शीघ्र निर्धारण करें। साथ ही उन्होंने ईई पीएचई नर्मदापुरम को मेला स्थल पर शुद्ध पेयजल व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही पानी की शुद्धता की जांच एवं क्लोरिनेशन करने के भी निर्देश दिए। मेला स्थल पर चलित शौचालय की व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी बैठक के दौरान दिए गए। मेले के दौरान निकलने वाले कचरे के उचित निष्पादन के लिए कचरा वाहन के सतत संचालन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेला स्थल पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर नियमित साफ सफाई की जाए। साफ सफाई के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं।

## थोटा पहुंचे मुख्यालय भोपाल दीपक शुक्ला होंगे नए एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा एस थोटा का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह 2014 बैच के IPS अधिकारी दीपक कुमार शुक्ला जिले के नए SP होंगे। राज्य शासन ने देर रात 12 IPS अधिकारियों की तबादला सूची जारी की। इसमें नर्मदापुरम के अलावा हरदा, बैतूल और पन्ना के पुलिस अधीक्षक भी बदले गए हैं।



दीपक कुमार शुक्ला इससे पहले उज्जैन में सेनानी, 32वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के पद पर पदस्थ थे। वे सीहोर के SP भी रह चुके हैं। अब उन्हें नर्मदापुरम जिले की पुलिस व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांई कृष्णा एस थोटा भी 2014 बैच के IPS अधिकारी हैं। सांई कृष्णा एस थोटा ने 13 सितंबर को नर्मदापुरम के SP का कार्यभार संभाला था। उनका कार्यकाल करीब साढ़े 13 महीने का रहा।

## विकास कार्यों की गुणवत्ता जांच और स्वच्छता निरीक्षण में सख्त रुख, 5 कर्मचारियों का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक निधि से बन रही सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण कर मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। वहीं, बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए कुल 4,200 रुपए का जुर्माना वसूला गया, जिसमें एक चाय दुकान संचालक पर 1,000 रुपए



का अर्थदंड भी शामिल है।

इसके अलावा, वार्ड 31 के निरीक्षण में 5 कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने पर सीएमओ ने उनका और वार्ड सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों, स्वच्छता और अनुशासन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विकसित राष्ट्र के संकल्प में युवाओं की भूमिका सबसे अहम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय आईटीआई में आयोजित 'विकसित भारत युवा संवाद' कार्यक्रम में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में देश के युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और प्रतिभा सबसे मजबूत आधार है।

कार्यक्रम में खेल जगत में जिले का नाम रोशन करने वालीं एशियन गेम्स पदक विजेता हर्षिता तोमर और यूथ आइकन कृष्णिका अग्रवाल को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सांसद ने मतदान को एक नागरिक कर्तव्य बताते हुए युवाओं से लोकतंत्र में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

### पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यातायात सुरक्षा अभियान

## करवा चौथ पर पुलिस ने पत्नियों के हाथों पतियों को पहनाए हेलमेट, दिया सुरक्षा का अनमोल तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

करवा चौथ के पावन पर्व पर जहां पत्नियां पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, वहीं नर्मदापुरम यातायात पुलिस ने इसे सड़क सुरक्षा से जोड़ते हुए एक बेहद भावनात्मक और अनूठी पहल की। उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इटारसी रोड पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे दंपत्तियों को रोककर समझाइश दी।

पुलिस ने बताया कि जीवनसाथी की लंबी आयु की कामना के साथ-साथ उसकी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना भी बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान एक बेहद खास नज़ारा देखने को मिला, पुलिस की मौजूदगी में पत्नियों ने खुद अपने हाथों से पतियों को हेलमेट पहनाया। इस भावुक पल में पतियों ने भी हर यात्रा के दौरान अपनी सुरक्षा का वादा किया। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे 10 वाहन चालकों को मौके पर ही निःशुल्क हेलमेट वितरित



किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दांपत्य जीवन के प्रेम और विश्वास के साथ एक-दूसरे की सुरक्षा की जिम्मेदारी को और मजबूत करना था।

नर्मदापुरम पुलिस ने आम जनता और विशेष रूप से महिलाओं से अपील की है कि वे इस करवा चौथ पर अपने जीवनसाथी से हमेशा हेलमेट लगाने और कार में सीट बेल्ट बांधने का उपहार लें। पुलिस का मानना है कि व्रत की सार्थकता तभी पूरी होगी जब जीवनसाथी हर यात्रा के बाद सुरक्षित घर लौटेगा। इसी भावना को उजागर करते हुए पुलिस ने एक प्रेरक संदेश भी जारी किया— "करवा चौथ पर प्यार का वादा, सुरक्षित घर लौटने का इरादा!"

## कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

1 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन के लिए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान बताया गया कि 1 नवम्बर को पुलिस परेड ग्राउंड नर्मदापुरम में मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वार राष्ट्रीय गान एवं मध्य प्रदेश गान का गायन भी किया जाएगा। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। कलेक्टर सिटी वशिष्ठ ने निर्देशित किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चों को उचित पुरस्कार भी वितरित किए जाएं कलेक्टर ने सर्वसंबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम आयोजन के लिए सौंपे गये दायित्वों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### सचिन कुमार घोष ने सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यभार किया ग्रहण

**बैतूल।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा जारी किये गये आदेश के पालन में जिला न्यायालय बैतूल में पदस्थ जिला न्यायाधीश सचिन कुमार घोष ने सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल के पद का कार्यभार 29 अक्टूबर को विधिवत ग्रहण किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं नवीन दायित्व के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत श्री घोष ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के साथ करने तथा संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार संपादित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

### सांदीपनि विद्यालय की विज्ञान नाटिका राज्य स्तर पर चयनित

**बैतूल।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के संतुलित उपयोग का संदेश देने वाली सांदीपनि शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल बाजार की विज्ञान नाटिका एआई की कहानी, लाभ या हानि ने जोन स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ विद्यालय की टीम का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। टीम 17 नवंबर को जबलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में भोपाल जोन का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय के उप प्राचार्य आर.के. मालवीय ने बताया कि पीजीबीटी भोपाल में आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नाटिका के माध्यम से एआई के उपयोग और उससे जुड़ी सावधानियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

### बारिश 27 प्रतिशत कम, एसी, पंखे, कूलर नहीं हुए बंद

# गर्मी का एहसास: जिले में 23 दिन में ही 854.68 लाख यूनिट बिजली जली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

इस साल जिले में बारिश कम होने और गर्मी का एहसास बरकरार रहने से बिजली की खपत बढ़ गई है। हालात यह है कि तापमान 29-30 डिग्री के आसपास है। जिसके कारण घरों में कूलर और पंखों का इस्तेमाल जारी है। यहीं कारण है कि इस साल 1 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक जिले में बिजली की खपत पिछले साल से 296.74 लाख यूनिट अधिक रही। इस साल 1 अक्टूबर से 23 854.68 लाख यूनिट की खपत हो चुकी है, जबकि अक्टूबर 2025 की खपत 557.94 लाख यूनिट थी। सितंबर 2026 में 717.74 लाख यूनिट बिजली की खपत बताई गई है। बिजली कंपनी के अधिकारियों का मानना है कि गर्मी और सिंचाई के लिए बिजली की मांग बढऩे से आने वाले समय में दबाव और बढ़ सकता है। बता दे कि जिले में 30 सितंबर तक औसतन 721.9 मिमी बारिश दर्ज हुई है। यह बीते साल की तुलना में करीब 27 प्रतिशत कम है। बारिश कम होने से भूजल स्तर गिरने के कारण किसानों को धान की सिंचाई और रबी फसलों के पलेवा के लिए मोटर पंप ज्यादा समय तक चलाने पड़ रहे हैं। जिससे अक्टूबर माह में बिजली की खपत तेजी से बढ़ी है। बिजली कंपनी के अधिकारियों की माने तो तेजी से शहरीकरण बढ़ रहा है। नए घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। शीतलता के लिए घरों में कूलर, एसी जैसे उपकरणों का प्रयोग हो रहा है। इन सब कारणों से बिजली की मांग बढ़ रही है। ऐसे में आसार है कि आगामी त्योहारों में शहर की कुल बिजली मांग और बढ़ेगी।



**हर महीने बढ़ रही बिजली की खपत**

जिले में इस साल मानसून की बेरूखी का असर यह रहा कि जिले में हर माह बिजली की खपत बढ़ी। जुलाई माह में जहां जिले में 773.57 लाख यूनिट की खपत हुई, वहीं अगस्त में यह आंकड़ा 743.95 लाख यूनिट दर्ज किया गया। हालांकि सितंबर 2026 में बिजली की खपत में थोड़ी कमी आई। सितंबर 2026 में जिले में 717.74 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई। जो पिछले साल की तुलना में अधिक है। पिछले साल 2025 सितंबर माह में 651.19 लाख यूनिट की खपत हुई थी।

#### सोलर सिस्टम के बाद भी बिजली की मांग बरकरार

शहर के कई सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में सोलर सिस्टम लगे हैं, लेकिन इसके बावजूद बिजली की मांग में कमी नहीं आ रही, क्योंकि सोलर पैनल केवल सूरज की रोशनी में (दिन के समय) ही बिजली बनाते हैं। रात के समय जब एसी, पंखे या अन्य उपकरण चलते हैं, तो बिजली सीधे ग्रिड से आती है। बारिश, बादलों या सर्दियों के दिनों में सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता घट जाती है, जिससे ग्रिड पर निर्भरता बढ़ जाती है। बिना बैटरी वाले सामान्य (ऑन-ग्रिड) सोलर सिस्टम में दिन की अतिरिक्त बिजली स्टोर नहीं होती, वह केवल नेट मीटर के जरिए ग्रिड में समायोजित होती है। यदि लोड से ज्यादा उपकरण चलाए जाएं, तो ग्रिड से अतिरिक्त बिजली लेनी पड़ती है या पेनल्टी लगती है।

#### दो-तीन दिनों से ही ठंड का एहसास

अक्टूबर के पहले और दूसरे सप्ताह में दिन का तापमान 35 डिग्री के आसपास तक रहा। अब दो-तीन दिनों से ही हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। गर्मी का असर बना रहने से शहर में एसी, कूलर और पंखे बंद नहीं हुए हैं। जिसके कारण बिजली की खपत बढ़ी। बिजली कंपनी के अनुसार, आमतौर पर अप्रैल से जून के बीच बिजली की खपत अधिक रहती है, लेकिन इस बार सितंबर और अक्टूबर में भी मांग बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि बारिश कम होने से भूमिगत जल स्त्रोत सूख रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर तक बारिश हुई थी। इस साल सितंबर में ही बारिश बंद हो गई। किसानों को धान की सिंचाई के लिए मोटर पंप अधिक समय तक चलाने पड़ रहे है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की खपत बढ़ रही है।

#### लगातार बढ़ रही विद्युत उपकरणों की संख्या

साल-दर-साल बिजली की खपत बढऩे के पीछे एक कारण यह भी है कि शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपकरणों की संख्या बढ़ रही है। शहरों में एसी और गांवों में मोटर पंपों की संख्या बढऩे से बिजली की खपत में वृद्धि देखी जा रही है। ऊपर से इस साल बारिश कम होने से किसान मोटर पंपों के जरिए भूजल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी वजह से सितंबर और अक्टूबर में बिजली की खपत अधिक बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि अच्छी बारिश होने से अक्टूबर माह में ठंड जोर पकड़ लेती थी। जिससे घरों में पंखे-कूलर और एसी बंद हो जाते थे, लेकिन इस साल बारिश कम होने और गर्मी का एहसास बना रहने से बिजली उपकरणों का उपयोग जारी है।

#### जिले में बिजली की खपत (लाख यूनिट में)

| वर्ष | 2025 | 2026 |
|---|---|---|
| जुलाई | 714.27 | 773.57 |
| अगस्त | 758.12 | 743.95 |
| सितंबर | 651.19 | 717.74 |
| अक्टूबर | 557.94 | 854.68 |

#### इनका कहना है...

शहरों में पंखे-कूलर, एसी और गांवों में मोटर पंपों की संख्या साल-दर-साल बढ़ रही है। घरों में बिजली से चलने वाले उपकरण भी बढ़े हैं। बारिश कम होने से किसान मोटर पंपों के जरिए भूजल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी वजह से बिजली की खपत अधिक बनी हुई है।

**भूपेन्द्र सिंह बघेल, महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी, बैतूल**

### बैतूल एसपी वीरेंद्र जैन का भोपाल तबादला

# अमित सक्सेना होंगे बैतूल जिले के नए पुलिस कप्तान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन का राज्य सरकार ने तबादला कर दिया है। उन्हें भोपाल में पुलिस उपायुक्त (यातायात) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित सक्सेना बैतूल के नए एसपी होंगे। वे अब तक भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) के पद पर पदस्थ थे। राज्य सरकार ने 28 अक्टूबर की देर रात 12 आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत बैतूल सहित पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। वीरेंद्र जैन को 25 अगस्त 2025 को बैतूल एसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनके कार्यकाल में बैंकिंग फ्रॉड के दो बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। इसके अलावा पुलिस ने कई बड़े आपराधिक मामलों को सुलझाने में सफलता भी हासिल की। अब उनके स्थान पर अमित सक्सेना को जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग की कमान सौंपी गई है।

#### बैतूल में एसडीओपी रह चुके हैं अमित सक्सेना

अमित सक्सेना की बैतूल में एसपी के रूप में पदस्थापना को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं। वे बैतूल जिले में पूर्व में वर्ष 2003 से 2005 तक बैतूल और मुलताई अनुविभाग में एसडीओपी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ऐसे में वे जिले की भोगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय कार्यप्रणाली व प्रशासनिक तंत्र से भी पहले से परिचित हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ उनके पुराने संपर्क को भी उनकी पदस्थापना के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

#### जल्दी-जल्दी हो रहा तबादला

एसपी सिमाला प्रसाद बैतूल में लगभग तीन वर्ष तक एसपी के रूप में पदस्थ रही, लेकिन उनके बाद से ही नए एसपी एक वर्ष के लगभग से ज्यादा नहीं रह पा रहे हैं। सिमाला प्रसाद के बाद बैतूल एसपी सिद्धार्थ चौधरी को बया गया, लेकिन उन्होंने भी एक साल पूरा नहीं किया और उन्हें हटा दिया गया। इसके बाद निश्चल झारिया को पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली, लेकिन वे भी सिमाला प्रसाद का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। इसके बाद वीरेंद्र जैन बैतूल एसपी बने और वे भी लगभग 13 महीने ही पदस्थ रह पाए। बुधवार देर रात जारी आदेश में उन्हें भी भोपाल में यातायात उपायुक्त के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

### अधिकारों की मांगों को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं ठेकेदारों ने की नारेबाजी

# सारणी बचाओ संघर्ष समिति तथा प्लांट ठेकेदारों के साथ प्लांट प्रबंधन की बैठक हुई असफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

सारणी बचाओ संघर्ष समिति और सतपुड़ा कांट्रेक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारीयों की बैठक सतपुड़ा प्लांट प्रबंधन एवं नई इकाई के निर्माण कार्य में कार्यरत भेल कंपनी के अधिकारियों के साथ होना तय हुई थी इसके लिए नियम अनुसार सारणी बचाओ संघर्ष समिति एवं सतपुड़ा कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा प्रबंधन के साथ पूर्व में पत्राचार भी किया गया था एवं ज्ञापन भी सौंपा गया था, इसके बाद कई मुद्दों पर बैठक किया जाना तय हुआ, परंतु बैठक की शुरुआत में ही प्लांट प्रबंधन द्वारा बैठक से इनकार कर दिया गया। इसके बाद मुख्य अभियंता कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में जहां त्रिपक्षीय बैठक संपन्न होनी थी, वहां तनाव की स्थिति बन गई एवं मुख्य अभियंता द्वारा संगठन के पदाधिकारी से अपने कक्ष में बुलाकर अलग-अलग चर्चा की जाने लगी इसके पश्चात असंतोष और बढ़ गया और सभी पदाधिकारीयों और



सदस्यों ने एक स्वर में बैठक का बहिष्कार कर दिया।

गौरतलब रहे कि बीएचईएल की सहयोगी कंपनी महारैल ने पावर प्लांट में दो कार्य लिए हैं जिसमे पहला 119 करोड 56 लाख और दूसरा 205 करोड़ का उक्त कंपनी द्वारा पावर प्लांट के निर्माण कार्य में आल साइज का सरिया काटने से लेकर ऊंचाई तक सरिया बाँधने का रेट 55 रुपये किलो तय किया है, जबकि मप्र सरकार के एसओआर से आधे रेट से भी कम है। वहीं डेढ मीटर तक की मिट्टी खुदाई का रेट 147 रुपए है जबकि महारैल की सहयोगी कंपनी बीबीजी 62 से 67 रुपए क्यूबीक मीटर दें रही है, जो वर्तमान बाजार दर से बहुत कम है। निगम ने बताया की रेट सुधार की मांग को लेकर गुरुवार ठेकेदार साथी मय रिकार्ड बैठक करने वाले थे लेकिन ठेकेदारों की एकता से घबराए स्थानीय भेल प्रबंधन ने बैठक टालने के लिए केवल पांच ठेकेदारों के साथ बैठक करने की शर्त रख दी। जिससे नाराज ठेकेदारों ने बैठक का विरोध कर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से सारणी बचाओ संघर्ष समिति सहसंयोजक सुनील भारद्वाज, पाथाखेड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि संजय अग्रवाल, वरिष्ठ ठेकेदार प्रेम सातनकर तिरुपति एरुलु, दीपक तिवारी, नारायण सोलंकी, नन्हे सिंह, अजय श्रीवास्तव जगदीश आहूजा सहित ठेकेदार मौजूद थे।

### 600 जोड़ों से एकसाथ करवाया करवा चौथ पूजन

# बालाजीपुरम में मनाया गया सामूहिक करवा चौथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भारत के पांचवें धाम श्री रूकमणी बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में 29 अक्टूबर, गुरूवार की शाम 6 बजे से करवा चौथ पर सामूहिक पूजन का कार्यक्रम किया गया। बालाजीपुरम मंदिर के प्रमुख पुजारी के अनुसार शाम 6 बजे से भगवान बालाजी की संध्या आरती प्रारंभ की गई। इसके बाद शाम 7 बजे से बालाजीपुरम मंदिर प्रांगण में बने भक्त निवास के सामने सामूहिक पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।उन्होंने बताया कि सामूहिक पूजन गुजरात से आए पंडितों के दल द्वारा करवाया गया। इसमें करीब 600 जोड़े शामिल हुए। बहुत से जोड़े पारंपरिक वेशभूषा में आए, जिन्हें वहां उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया।

#### मंदिर में की गई थी पूजन सामग्री व भोजन व्यवस्था

बालाजीपुरम मंदिर के मुख्य पुजारी असीम पडा स्वामी ने बताया कि बालाजीपुरम मंदिर प्रबंधन की ओर से यहां पूजन सामग्री एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था करवाई गई। सज संवरकर पूजन थाल लेकर आई महिलाओं को पूजन सामग्री मंदिर प्रबंधन द्वारा पूर्णतः निशुल्क दी गई। पूजन के दौरान पुजारी ने करवा माता की कथा सुनाई, इसके बाद रात 9 बजे के लगभग चांद निकलने पर सुहागिन महिलाओं ने चंद्र को अर्ध देकर परंपरानुसार सुहागिनों ने अपने पति के छलन्नी से दर्शन कर उनकी लंबी उम्र की कामना की और पूजन बाद पतियों ने पत्नियों को पानी पिलाकर उपवास तोड़ा और व्रत के बाद पहला निवाला खिलाया गया।

### सिलादेही गांव में मक्का की दावन के दौरान हुआ हादसा

#### तीन साल की बेटी के सिर से उठा मां का साया

# दर्दनाक हादसा: थ्रेसर की चपेट में आने से 28 वर्षीय महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

क्षेत्र के ग्राम सिलादेही में मक्का की दावन के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। खेत में मक्का के दाने निकालने का काम चल रहा था, इसी दौरान महिला का सिर पर बंधा स्कार्फ थ्रेसर के पंखे में फंस गया। इसके बाद उनके बाल भी मशीन की चपेट में आ गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सिलादेही निवासी सोनाली देशमुख अपने पति दुर्गेश देशमुख के साथ खेत में मौजूद थीं। खेत में मजदूरों द्वारा मक्का की दावन का काम किया जा रहा था और मक्का के दाने समेटे जा रहे थे। इसी दौरान सोनाली थ्रेसर के नजदीक थीं। अचानक उनका सिर पर पहना स्कार्फ थ्रेसर के पंखे में फंस गया। स्कार्फ के साथ उनके बाल भी



मशीन में उलझ गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

**अस्पताल ले गए परिजन, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया**-हादसे के बाद खेत में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन और अन्य लोगों ने तत्काल सोनाली को निजी वाहन से मुलताई के निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई ले जाया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा शव**-घटना के बाद पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। 2021 में हुई थी शादी, तीन साल की बेटी- इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। सोनाली की शादी वर्ष 2021 में हुई थी और उनकी तीन साल की एक बेटी है। मां की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी इस दर्दनाक घटना को लेकर शोक व्याप्त है। **सावधानी जरूरी:** खेतों में थ्रेसर जैसी कृषि मशीनों पर काम करते समय ढीले कपड़ों, स्कार्फ और खुले बालों को मशीन के घूमते हिस्सों से दूर रखना जरूरी है।

### 'डैम का पानी बंद होने से 13 एकड़ की गोभी फसल सूखी'

# कर्ज से परेशान किसान ने कीटनाशक पीया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बिरुल बाजार में रहने वाले किसान ने कर्ज और फसल बर्बाद होने से परेशान होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। किसान को पहले मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। किसान का कहना है कि उसने 13 एकड़ में पत्ता गोभी की फसल लगाई थी। सिंचाई के लिए चौथिया डैम से पानी मिलना बंद होने के कारण फसल सूख गई। इससे कर्ज चुकाने की उम्मीद भी टूट गई। किसान रमेश साहू



के मुताबिक, उसने बैंक से 17 लाख रुपए का कर्ज लिया था। इसके अलावा सूद पर भी करीब 10 लाख रुपए उधार लिए हैं। बैंक से उसने गल्ले के कारोबार के लिए कर्ज लिया था, लेकिन कारोबार बंद हो गया। पिछले पांच साल से लगातार नुकसान होने के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली गई। इस बीच कर्ज चुकाने के लिए उसने खेती का सहारा लिया। रमेश ने बताया कि उसने ग्राम चौथिया में 11 एकड़ जमीन बटाई पर लेकर पत्ता गोभी लगाई थी। इसके अलावा अपने दो एकड़ खेत में भी गोभी की फसल लगाई थी। पानी नहीं मिलने से गोभी की फसल सूखने लगी और उसे भारी नुकसान हुआ। रमेश के मुताबिक, फसल की कीमत इतनी गिर गई कि गोभी एक रुपए किलो के भाव पर भी बिकने की स्थिति नहीं रही। रमेश का कहना है कि बैंक से कर्ज चुकाने के लिए बार-बार फोन आ रहे थे।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत का आधार : केंद्रीय मंत्री उईके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज बैतूल में युवा संवाद अपना वोट जाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देना, सूचित भागीदारी को प्रोत्साहित करना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों और युवा नागरिकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम



देशव्यापी विकसित भारत युवा संवाद पहल के तहत आयोजित किया गया है, जो 26 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक देश के 500 विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, जिला सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार, बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर ऋषिराज सिंह परिहार, प्राचार्य डॉ. परेश शाहा उपस्थित थे। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके ने युवाओं से कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत का आधार है और लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद रहा। युवाओं ने शासन में भागीदारी, नागरिक जिम्मेदारी और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की भूमिका जैसे विषयों पर सवाल पूछे और अपने विचार रखे। जिला युवा अधिकारी मेरा भारत बैतूल सुषमा गवली ने बताया कि कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक शपथ के साथ हुआ।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

# अधिकारियों को समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 अक्टूबर को बैतूल के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ ने गुरुवार को बैतूल पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल सहित हेलीपैड की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में



पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री बनोठ ने सर्वप्रथम मिलानपुर स्थित हेलीपैड पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव के आगमन से संबंधित निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

यहां उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली प्रदर्शनी, मंच निर्माण, अतिथियों के आगमन, हितलाभ वितरण तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुरूप की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### विभागवार तैयारियों की समीक्षा की

संभागायुक्त श्री बनोठ ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों, हितलाभ वितरण राशि का अंतरण सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पार्किंग, यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का लोकार्पण

# संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम से चार गांवों को मिली सार्वजनिक भवनों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

संत रामपाल महाराज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के तहत बैतूल जिले की ग्राम पंचायत बांसपनी और ग्राम पंचायत सिल्लौट के अंतर्गत चार सार्वजनिक निर्माण कार्य पूरे किए गए। इनमें दो गांवों में ग्रामीणों की बैठकों के लिए टीन शेड की चौपाल, एक गांव में पक्का सार्वजनिक भवन और दूसरे गांव में बच्चों की पढ़ाई के लिए आंगनवाड़ी भवन शामिल है। चारों भवनों का



लोकार्पण बैतूल (पाढर) भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदन यादव ने ग्रामवासियों और सरपंचों की उपस्थिति में किया। मुहिम के तहत ग्राम पंचायत बांसपनी के ग्राम उमरवानी में ग्रामीणों की बैठक के लिए 15/25 फीट का सार्वजनिक टीन शेड बनाया गया है। इसी पंचायत के ग्राम ठानी में भी 15/25 फीट का सार्वजनिक टीन शेड निर्मित किया गया है। इन दोनों चौपालों का उपयोग ग्रामवासी सामूहिक बैठकों और अन्य सार्वजनिक गतिविधियों के लिए कर सकेंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत सिल्लौट के ग्राम झिरनाढाणा में 16/27 फीट का पक्का सार्वजनिक भवन बनाकर ग्रामीणों को सौंपा गया।

### बाजार के बिगड़े हालात सुधारने प्रशासन को दिए जाएंगे सुझाव, दीपावली पूर्व सुधार की होगी मांग

# बाजार के सुधार के लिए व्यापारी संघ करेगा पहल, आज सौंपे जाएंगे आवेदन

**गत दिवस मामले में एक बैठक कर तय किया गया है कि आज शुक्रवार को अधिकारियों को मांगपत्र सौंपे जाएंगे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





सोहागपुर शहर के बाजार के हालात ठीक नहीं हैं व बाजार अव्यवस्थित है। इसके सुधार के लिए सोहागपुर व्यापारी संघ द्वारा पहल की जा रही है। गत दिवस मामले में एक बैठक कर तय किया गया है कि आज शुक्रवार को अधिकारियों को मांगपत्र सौंपे जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि बुधवार रात काली मंदिर परिसर में व्यापारी संघ की बैठक की गई। जिसमें संगठन के वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया है कि बाजार व्यवस्थापन एवं सुधार की मांग नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। व्यापारी भी अनुभव करते हैं कि सुधार की आवश्यकता है। ताकि व्यापार में बढ़ोतरी हो, ग्राहकों को आवाजाही सुविधाजनक हो एवं पर्याप्त पार्किंग स्थल हों। अतः आज दोपहर 12 बजे एसडीएम, नप सीएमओ तथा थाना प्रभारी को आवेदन सौंपे जाएंगे। बैठक में वरिष्ठ व्यापारी मिश्रीलाल साहू, अभिषेक जैन, राजा अग्रवाल, सुरेंद्र चौधरी, मनोज अग्रवाल, नीलेश खंडेलवाल, विजय नन्नू छाबड़िया, शरद चौरसिया, आशीष जैन, अर्पित मंगलानी आदि उपस्थित थे।

#### रखेंगे ये मांगे

- त्योहारी बाजार में प्रवेश के लिए श्रीराम चौक-बिहारी चौक मार्ग तथा बाहर जाने के लिए बिहारी चौक-कन्या शाला-एसडीओपी कार्यालय मार्ग वन वे किए जाएं।
- गत पंचवर्षीय में नप की घोषणा थी कि गांधी चौक में रामलीला मंच के सामने का क्षेत्र पार्किंग प्लेस होगा। अतः समूचा क्षेत्र पार्किंग स्थल घोषित किया जाए।
- बाजार के मुख्य मार्गों पर सामग्री अनलोडिंग वाहन एंट्री सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक प्रतिबंधित हो। अनलोडिंग सुबह 11 बजे के पहले या रात आठ बजे के बाद हो।
- गुरुवार हाट बाजार के दिन रानी लक्ष्मी बाई मंच पर किसी भी आयोजन की अनुमति ना दी जाए। इससे मात्र हाट बाजार के दिन दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों को नुकसान होता है।
- *- पूर्व की घोषणा अनुसार पुराने अस्पताल के समीप का मैदान आटो स्टैंड बनाएं। पुराने थाने के पीछे आटो खड़े करने से परेशानी होती है।
- बाजार में गलियों व स्टेट हाईवे किनारे का अस्थाई बाजार व्यवस्थित हो। फुटकर दुकानों के बीच पांच फीट का अंतर हो, ताकि स्थाई दुकानों के रास्ते बंद ना हों।
- नप द्वारा पलकमति नदी किनारे चाट बाजार के लिए शेड बनाया गया था। वहां चाट दुकानें पहुंचाई जाएं। इससे बाजार सुधारेगा एवं चाटवालों को भी लाभ होगा।
- नप ने गांधी चौक टीनशेड में फुटकर दुकानों के लिए स्थल आवंटन किए थे, जहां दुकानों को पक्का स्थायी रूप दिया गया है। अतः आवंटन पत्रों की जांचकर आवंटनधारी को दुकान संचालन के आदेश दें। क्योंकि सूचना है कि लोग आवंटित दुकानें बेचकर पुनः सरकारी जगह पर दुकानें लगाते हैं। और यह आवंटन नियम का उल्लंघन है।

## शालिनी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान,भोपाल संभाग बना राज्यस्तरीय क्रिकेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



70वीं राज्यस्तरीय अंडर-17 बालिका शालेय क्रीड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। शिवपुरी में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भोपाल संभाग ने इंदौर संभाग को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत से भैरुंदा क्षेत्र की बेटी और सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी की खिलाड़ी शालिनी पेठारी ने भी अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। फाइनल में इंदौर की टीम ने टॉस जीतकर भोपाल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भोपाल की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 106 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर की टीम ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन वह 104 रन तक ही पहुंच सकी। इस तरह भोपाल संभाग ने 2 रन से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम ने शानदार खेल दिखाया और अपने मुकाबलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शालिनी पेठारी भैरुंदा स्थित सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी में अभ्यास करती हैं। उनके प्रदर्शन और टीम की इस बड़ी सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शालिनी की उपलब्धि उन बेटियों के लिए भी प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बीच खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देखती हैं। सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक राकेश पंवार (रक्का) ने शालिनी और भोपाल संभाग की विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शालिनी की उपलब्धि उसकी लगातार मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उसे इसी लगन से अभ्यास करते रहना चाहिए, ताकि आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर नए मुकाम हासिल कर सके। भोपाल संभाग की इस जीत और शालिनी की उपलब्धि से भैरुंदा क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

### मीना बाजार में होगा अखिल भारतीय मुशायरा

**देवास।** 90वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला के अंतर्गत 31 अक्टूबर को अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम देवास द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड स्थित मीना बाजार मंच पर होगा। इसमें देशभर के ख्यातनाम शायर अपनी शायरी प्रस्तुत करेंगे।महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि मुशायरे में रामपुर के शहजादा गुलरेज, कानपुर के जौहर कानपुरी, हैदराबाद के आरिफ सैफी, देवबंद के नदीम शाद, चेन्नई के के. मो. इल्यास राहत हरारत, असरार चंदरवि, दिल्ली के आदिल रसीद, इंदौर के सतलज राहत, प्रयागराज के शैलेन्द्र मधुर, सिद्धार्थनगर के मो. अर्षद, खरगोन के कयामुद्दीन कयाम, जबलपुर के मकबूल अहमद जफर, अमरावती के डॉ. जाहिद नैयर और नागपुर के इमरान फैज अपनी शायरी से श्रोताओं को रूबरू कराएंगे। इनके साथ सृष्टि सिंह बघेल और दिल्ली की ज्योति शर्मा भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी।कार्यक्रम का संचालन रुड़की के सुप्रसिद्ध शायर अल्तमश अब्बास करेंगे। आयोजकों को उम्मीद है कि मुशायरे में शेर-ओ-शायरी के शौकीनों को देश के नामचीन शायरों को सुनने का अवसर मिलेगा।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की जांच की



**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले में सोमवार को कुल 429 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें 127 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क श्रेणी में चिन्हित की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को निशुल्क प्रसव पूर्व जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसका उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं की पहचान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को जांच, दवाइयां और परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल, जरूरत पड़ने पर उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर करने तथा जांच के लिए सेपिक अप और ड्रॉप की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

### तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर अभियान शुरू

सीहोर। जिले में युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से बुधवार को 'टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 4.0' का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में शुरू हुआ यह अभियान जिले में 60 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत युवाओं और आम नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## आयुक्त अरुण इंग्ले ने किया सांदीपनि स्कूल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

लोक शिक्षण संचालनालय नर्मदापुरम संभाग के संभाग आयुक्त अरुण इंग्ले ने सांदीपनि विद्यालय, पचमढ़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं खेल गतिविधियों का जायजा लिया। विद्यालय में संचालित खेल गतिविधियों एवं शिक्षण गुणवत्ता की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की। इस अवसर पर आयुक्त महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा में सफलता हेतु गुरु मंत्र प्रदान किया तथा अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मनीष गुप्ता, खेल शिक्षक संतोष यादव, संदीप सिंह, आशीष पटेल, किशन लाल उइके, उमेश बरैया,शिवम नागवसी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## धान की बंपर आवक से मंडी में लग गया जाम व्यापारियों के उठाव न करने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



कृषि उपज मंडी परिसर में जिन व्यापारी वर्ग के द्वारा अनाज की खरीदी की जाती है। लेकिन समय पर मंडी के शेड ने अनाज नहीं उठाने के कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कृषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने बताया कि अचानक धान फसल एक साथ पकने तथा एक साथ कटाई प्रारंभ करने के कारण अब शासन द्वारा आवक अधिक होने से किसानों से अपील की गई है।29 अक्टूबर को शेट पुरे भरे हुए हैं। तुलावटी हम्माल मजदूर अचानक खराब मौसम होने के कारण लगभग नौ शेड में लगातार वृद्धि हो रही है। लेकिन अभी व्यापारी वर्ग से अपील की है।की 30 अक्टूबर को नवीन धान की गाड़ी नहीं लावे।तथा जो पूर्व की रखीं हैं उन्हें अपना अनाज 31 अक्टूबर को लाने की अपिलकी गई है। तथा व्यापारीयों से भी सभी शेड भरे पड़े हैं। उन्हें तत्काल प्रभाव से खाालीकरने की बात कही गई है। जिसमें की अनाज की खरीदी जल्दी से जल्दी की जा रही है ।

पहली बार पिपरिया कृषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने माइक से घोषणा कर दी गई है।कि यदि किसी किसान के ढेर से तुलावटी हम्माल मजदूर तुलाई के समय यदि कोई तुलावटी हम्माल मजदूर किसान से झाड़न मांगते हैं।या जबरजस्ती झाड़न मांगते हैं तो तत्काल प्रभाव से सचिव क्रषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने माइक से घोषणा कर दी गई है यह पहला मौका है। जब किसी सचिव ने इस तरह की घोषणा की गई है। जिसके कारण किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, सचिव ने पहली बार किसानों के हित में काम किया है। अभी वर्तमान में धान का रेट अच्छा चल रहा है।

## जनगणना कर्मचारियों का भुगतान करने की मांग

### भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारियों का भुगतान दीपावली के पूर्व किए जाने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा शासन से मांग की है।संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भाग की है। दीपावली के पूर्व भुगतान करने का आग्रह किया गया है।इस मांग के समर्थन में पर्यवेक्षक सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने जनगणना के प्रथम चरण के भुगतान की मांग की है। शिक्षक संघ ने नगरपालिका परिषद से मांग की है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय को मांग पत्र सौंपा गया है।

### सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला के साथ आभूषण छीनने की घटना

**सोहागपुर।** सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर गत दिनों बुजुर्ग महिला से चांदी का आभूषण छीनने की घटना हुई है। महिला के परिजनों ने पिपरिया जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना की जानकारी मीडिया को नागरिक संघर्ष समिति के संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने दी है। अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि महिला के नाती वीरसिंह कुशवाहा पुत्र आधार सिंह कुशवाहा उम्र 32 वर्ष निवासी नयागांव सोहागपुर ने नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर को बताया कि मंगलवार दोपहर 2:30 बजे उनकी दादी 85 वर्षीय सावित्रीबाई सरकारी अस्पताल से इलाज कराकर घर लौट रही थी। रेलवे स्टेशन पर घबराहट होने पर वह सीमेंट की बेंच पर लेट गई। तब किसी अज्ञात व्यक्ति चांदी के सिक्कों की माला उनसे झपटकर भाग गया। सावित्रीबाई ने घर जाकर सूचना दी तो परिजनों ने पिपरिया जीआरपी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी द्वारा सावित्री बाई से छुड़ाए चांदी के सात सिक्कों वाले आभूषण की कीमत लगभग 15000 बताई गई है।

## भाजपा की बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित अलका होटल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत पिपरिया विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई जिसमें भाजपा के द्वारा संबंधित आगामी कार्ययोजना तैयार कर विचार किया गया। बैठक में बताया गया है।कि 23 अक्टूबर से 5 नवंबर तक संचालित अभियान की रुपरेखा तैयार कर उद्देश्यों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही आगामी जिला स्तरीय पदयात्रा की तैयारियां को लेकर ; संगठनात्मकसमन्वय तथा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार किया गया। जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला ने अभियान की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रियता जनसंपर्क प्रभावी जनजागरण के महत्व पर जोर दिया गया। नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने संगठन की एकजुटता सद्भावना पर जोर दिया गया।इस तरह से विशालकाय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के प्रभारी विजय पाल सिंह विधायक सोहागपुर माधव दास अग्रवाल नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं भाजपा की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की भरपूर उपस्थिति दर्ज कराई गई।

### सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास में मरम्मत कराने, आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# बच्चों की सुविधा व आवश्यकताओं को ध्यान में रखें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला मुख्यालय में संचालित संस्थानों एवं कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के छात्रावास, और जिला पशु चिकित्सा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने, लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने तथा आमजन एवं हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के (सीडब्ल्यूएसएन) छात्रावास के निरीक्षण के दौरान बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। छात्रावास भवन में जहां भी मरम्मत की आवश्यकता है, वहां संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बच्चों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों एवं हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांग हितग्राहियों की आवश्यकताओं का आकलन कर उन्हें अति आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। पात्र हितग्राहियों को उनकी जरूरत के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे दैनिक गतिविधियों को सुगमता से कर सकें तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके। कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्यालय भवन एवं परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जर्जर भवन की स्थिति को देखते हुए उसे डिस्मेंटल कराने के निर्देश दिए, ताकि अनुपयोगी भवन के कारण किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा उपलब्ध संसाधनों का व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने भंडार गृह का निरीक्षण कर वहां रखी सामग्री के व्यवस्थित रखरखाव, नियमित साफ-सफाई तथा आवश्यकतानुसार भंडार गृह के विस्तार के संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेडिसिन स्टोर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा दवाओं के उचित रखरखाव और उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित रखने पर जोर दिया, जिससे पशु चिकित्सा सेवाओं के संचालन में सुविधा बनी रहे। कलेक्टर ने एमबीओ पशु चिकित्सा वाहन सेवा के संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पशु चिकित्सा वाहन प्रत्येक गांव में निर्धारित समय पर पहुंचे और पशुपालकों को समय पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। कहा कि सेवा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को सुविधा मिलनी चाहिए। प्राप्त होने वाली सभी 100 कॉल को अटेंड करना सुनिश्चित किया जाए तथा कॉल के माध्यम से प्राप्त पशु चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं पर समयबद्ध कार्यवाही की जाए। वाहन सेवा की नियमित निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी गांव में पशुपालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, उप संचालक पशुपालन डॉ निलेश देसाई, डॉ शाक्या, सहायक संचालक सामाजिक न्याय महेश कुमार यादव सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 222 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 222 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 1028 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 365 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 200 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय युवा उत्सव आज, बैठक संपन्न

**हरदा।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा प्रतिवर्ष युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। यह युवा उत्सव 4 चरणों - जिला स्तर, संभाग स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होता है, जिसमें समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, पेंटिंग, कविता लेखन, कहानी लेखन, नुक्कड़ नाटक आदि विधाओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 30वें जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज शुक्रवार को किया जाएगा कलेक्टर कुमार सत्यम की अध्यक्षता में गुरूवार को युवा उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 15 से 29 वर्ष के युवा कलाकार युवा उत्सव में भाग लेने के पात्र होंगे।

### विश्व स्ट्रोक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**हरदा।** समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण केंद्र भोपाल द्वारा केंद्र के निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर गुरूवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिलाषा विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, विशेष एवं समावेशी शिक्षा, सुगम्य आधारभूत संरचना, यूडीआईडी कार्ड, शिक्षा एवं रोजगार में आरक्षण तथा शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. अर्चना पाठक ने स्ट्रोक के कारण, प्रमुख लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर चिकित्सा सहायता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार से संभावित जटिलताओं एवं दिव्यांगता के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव, उच्च माध्यमिक शिक्षक नितिन सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद शिक्षा केंद्र टिमरनी के मोहन राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

### ओवर ब्रिज निर्माण लेकर किया निरीक्षण

**खिरकिया।** शहर में बनने वाले 56 करोड़ के ओवर ब्रिज निर्माण की शुरुआत को लेकर गुरुवार को अधिकारियों की एक टीम ने एलाइनमेंट एरिया का निरीक्षण किया। एसडीएम रजनी वर्मा, ब्रिज कारपोरेशन के एसडीओ गिरीश हिंगवे समेत अन्य विभागों के अधिकारी इस दौरान मौजूद थे। बाड़ी मैदान समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया जहां से ओवर ब्रिज का निर्माण होना है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 15 में पुनर्वास स्थल का निरीक्षण भी किया गया जगह चिन्हित होने के बाद जिन प्रभावितों के मकान ओवर ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे हैं उन्हें प्रस्तावित स्थल पर घर निर्माण के लिए स्थल उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद खिरकिया को मंगलवार बाजार डिस्मेंटल के 40 लाख रुपए और पाइपलाइन शिफ्टिंग के 20 लाख रुपए आने वाले एक-दो दिनों में ट्रांसफर किए जाएंगे इसके बाद मंगलवार बाजार के टीन शेड को हटाया जाएगा और पाइपलाइन को शिफ्टिंग किया जाएगा ताकि ओवर ब्रिज का निर्माण हो सके। इसके साथ ही एसडीएम कार्यालय धारा 11 संबंधित कार्रवाई भी लगातार जारी है। भू अर्जन के प्रकरण तैयार किया जा रहे हैं। ब्रिज कारपोरेशन के एसडीओ ने बताया कि बाईपास निर्माण को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# करवा चौथ पर यातायात पुलिस की अनूठी पहल, पत्नियों ने पतियों को पहनाए हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



करवा चौथ पर यातायात पुलिस हरदा ने सड़क सुरक्षा को लेकर अनूठी पहल की। पति की दीर्घायु की कामना के लिए व्रत रखने वाली महिलाओं को यातायात पुलिस ने निःशुल्क हेलमेट वितरित किए। इसके बाद पत्नियों ने अपने पतियों को हेलमेट पहनाकर हमेशा हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाने का संकल्प दिलाया। इस पहल के माध्यम से यातायात पुलिस ने करवा चौथ के पर्व को सड़क सुरक्षा और पारिवारिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए सुरक्षित जीवन का संदेश दिया। एसडीओपी शालिनी परस्ते, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक वर्षा गौर और यातायात पुलिस स्टाफ ने यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन पर जा रहे दंपत्तियों को रोककर महिलाओं को निःशुल्क हेलमेट दिए गए। इसके बाद पत्नियों ने अपने हाथों से पतियों को हेलमेट पहनाया और भविष्य में बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने का वचन लिया। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने पतियों से हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने का वचन लेने के लिए प्रेरित करना है। पति की लंबी उम्र की कामना के साथ उसके सुरक्षित जीवन के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव भी जरूरी है। यातायात प्रभारी वर्षा गौर ने कहा कि करवा चौथ केवल पति की दीर्घायु की कामना का पर्व नहीं, बल्कि परिवार की सुरक्षा का संदेश देने का अवसर भी है। पत्नियां अपने पतियों को हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें। पति को सुरक्षित जीवन का उपहार देने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि वे बिना हेलमेट वाहन न चलाएं। उन्होंने महिलाओं से स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करने और परिवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

**■ निशुल्क हेलमेट बांटकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश, पति की लंबी उम्र के साथ सुरक्षित जीवन की कामना**

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अफसरशाही में उलझी, डेढ़ वर्षों से पंचायतों में काम नहीं

# आक्रोशित 76 सरपंच सामूहिक इस्तीफे देने पहुंचे, जिला पंचायत सीईओ नागदेवे को घेरा

## बंद कमरे में हुई लंबी चर्चा, मामला 12 नवंबर तक टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



विकासखंड में आक्रोशित 76 सरपंचग गुरुवार को जनपद पंचायत में सामूहिक इस्तीफे देने पहुंच गए। वहां उन्होंने जिला पंचायत सीईओ मिलिंद नागदेवे को घेरा और उनकी बंद कमरे में हुई लंबी चर्चा के बाद फिलहाल मामला 12 नवंबर तक टल गया है। इस अवधि तक कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने पर उन्होंने पुनः सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी है। इस नाटकीय घटनाक्रम के अनुसार सरपंचों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि पिछले डेढ़ वर्षों से पंचायतों में कोई कार्य नहीं हो रहें है, जिससे मजदूरों का भारी संख्या में पलायन हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधान मंत्री आदि आदर्श ग्राम विकास योजना में ग्राम पंचायतों में 95 कार्यों में प्रत्येक कार्य के 20-20 लाख(कुल रू.1900लाख) के प्रस्ताव खरगोन भेजे गए थे,लेकिन इनमे से कोई कार्य स्वीकृत नहीं हुए है।

जी-रामजी और धरती आबा योजना में भी काम नहीं सरपंचों का कहना है कि इस आकांक्षी ब्लाक में धरती आबा तोजना की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है, जबकि नीति आयोग से वित्तीय सहायता केंद्र सरकार से मिलती है। जबकि मनरेगा के स्थान पर 1 जुलाई 2026 से शुरू की गई विकसित भारत जी-राम जी योजना में कोई कार्य स्वीकृत न होने से नाराज सरपंचों ने सामूहिक इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। लेकिन यहां समीक्षा बैठक के बाद जिला पंचायत सीईओ मिलिंद नागदेवे ने सरपंचों के साथ बंद कमरे में लम्बी चर्चा की। जिससे वे उनकी तात्कालिक नाराजगी दूर करने में सफल हो गए और फिलहाल 12 नवम्बर तक मामला टल गया है।

### सीईओ ने दिया आश्वासन

सीइओ नागदेवे ने उन्हें इस विकासखंड में 12 नवम्बर तक करीब 8 हजार कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति का आश्वासन दिया है। सरपंचों में इसी बात को लेकर आक्रोश है कि सीइओ से लेकर सहायक यंत्री और उप यंत्रियों ने तकनीकी-स्वीकृति नहीं दी तो फिर प्रशासकीय-स्वीकृतियों का तो सवाल ही नहीं है और उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में उन्होंने अधिकारी परियोजना अधिकारी श्याम रघुवंशी और आरईएस के कार्यपालन यंत्री बगोले को जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर जनपद पंचायत की सीईओ रीमा अंसारी और सरपंच उपस्थित थे।

2 नवंबर को निकालेंगे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा

# कांग्रेस के पास न मुद्दा, न विजन बचा अराजकता फैलाना मुख्य एजेंडाः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कांग्रेस के पास न कोई मुद्दा है और न ही कोई विजन। जनता के बीच भ्रम फैलाकर अराजकता पैदा करना ही उसका मुख्य एजेंडा रह गया है। यह आरोप प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय कमल कुंज में आयोजित पत्रकारवार्ता में लगाए। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की प्रस्तावना रखी। कमल पटेल ने कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस आज भी उसी राह पर चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर कांग्रेस जनता के बीच भ्रम फैला रही है, जबकि कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल में भी करीब दस बार एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है। पटेल ने कहा कि कांग्रेस के पास जनता के सामने रखने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी देश में भ्रम और अस्थिरता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। पटेल ने कहा कि भाजपा इसका जवाब देगी। पूर्व मंत्री पटेल ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया और विपक्षी नेताओं को जेलों में बंद किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि आज लोकतंत्र की बात करने वाली कांग्रेस अपने इतिहास के इस अध्याय पर जवाब क्यों नहीं देती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के दौरान लिए गए फैसलों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

**निकलेंगे पदयात्रा**-कमल पटेल ने बताया कि आगामी 2 नवंबर को दोपहर 2 बजे हरदा में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें जिलेभर से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में सहभागिता के लिए उद्योगपतियों, व्यापारियों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, वकीलों, सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों, पत्रकारों और चिकित्सकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को आमंत्रित किया जा रहा है। पटेल ने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जनता के बीच भ्रम फैलाने के लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया जाएगा। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 5.54 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली पुलिस ने गौशाला रोड पर एक युवक को 5.54 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 5.5 लाख रुपए है। आरोपी की पहचान ग्राम अतरसमा निवासी अनिल विश्वकर्मा (37) के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उसे कोर्ट में पेश किया जा रहा है। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम अतरसमा के पास जियो पेट्रोल पंप के पीछे गोशाला रोड पर एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल पिता राधेश्याम विश्वकर्मा, उम्र 37 साल, निवासी ग्राम अतरसमा बताया। पुलिस के अनुसार, तलाशी लेने पर उसके पास से 5.54 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसे जब्त कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में अनिल ने बताया कि टिमरनी के एक व्यक्ति ने उसे अपने इस्तेमाल के लिए ब्राउन शुगर दी थी। वह इसमें से कुछ मात्रा खुद इस्तेमाल करता था और बाकी किसी अन्य व्यक्ति को बेच देता था। पुलिस ने अनिल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यह पता लगाने में जुटी है कि ब्राउन शुगर कहां से लाई गई थी। और आरोपी इसे किसे बेचने वाला था।

स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री के दबाव से परेशान पटवारी, देर रात गांवों में अभद्रता से बढ़ी चिंता

# सर्वर की धीमी गति के बीच सुबह 7 से रात 11-12 बजे तक काम करने का आरोप जड़ा, महिला पटवारियों की सुरक्षा को लेकर भी जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री का कार्य समय-सीमा में पूरा करने के दबाव, सर्वर की धीमी गति और देर रात तक गांवों में काम करने की मजबूरी के बीच पटवारियों के साथ अभद्रता और झूमाझटकी की घटनाएं सामने आई हैं। इन परिस्थितियों से परेशान पटवारी संघ ने गुरुवार को कलेक्टर एवं प्रमुख सचिव राजस्व के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे को सौंपा। संघ ने पटवारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, दुर्व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई करने और तकनीकी समस्याओं को देखते हुए कार्य की समय-सीमा निर्धारित करने की मांग की। पटवारी संघ ने ज्ञापन में बताया कि स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री का काम पूरा करने के लिए पटवारियों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। सर्वर की धीमी गति के कारण दिनभर काम प्रभावित होता है, लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए जाते हैं। संघ ने आरोप लगाया कि समीक्षा के दौरान अन्य तहसीलों और पटवारियों के कार्यों से तुलना कर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। इससे पटवारियों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है।

### देर शाम गांवों में दुर्व्यवहार और झूमाझटकी का आरोप

ज्ञापन में हंडिया तहसील के पटवारी रामकिशोर अग्रवाल, हरदा तहसील के वीरेंद्र रामकुचे और टिमरनी तहसील के कुलदीप लोवंशी के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख किया गया। संघ के अनुसार, तीनों पटवारी स्वामित्व योजना के कार्य के लिए देर शाम तक ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद थे। इसी दौरान उनके साथ अभद्रता और झूमाझटकी की घटनाएं हुईं। संघ ने बताया कि रामकिशोर अग्रवाल ने संबंधित घटना के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं, वीरेंद्र रामकुचे ने घटना की सूचना तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे तथा नशे में धुत एक व्यक्ति को पकड़कर थाने ले जाया गया। संघ ने ग्राम मंझली, तहसील हरदा के एक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ घटना के दो दिन बाद भी मामला दर्ज नहीं होने का आरोप लगाया। ज्ञापन में आशंका जताई गई कि राजनीतिक दबाव और संबंधित व्यक्ति के प्रभाव के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। संघ ने मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

### सुबह से आधी रात तक काम परिवार के लिए भी समय नहीं

पटवारी संघ के अनुसार, सर्वर की समस्या के कारण निर्धारित समय में कार्य पूरा करना मुश्किल हो रहा है। इसके बावजूद पटवारियों को सुबह सात बजे से रात 11 से 12 बजे तक काम करना पड़ रहा है। दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार के नजदीक होने के बावजूद उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों और घरेलू तैयारियों के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन, जिला अध्यक्ष विकास जोशी सहित दिनेश ईवने, संतोष गौर, दिनेश ठाकुर, ब्रजेश चौबे, सुनील शर्मा, पवन बांके और राघवेंद्र सिंह परमार सहित अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

रबी सीजन के दौरान किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का प्रयास

# तवा नहरों की सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में रबी सीजन के दौरान किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा तवा नहरों के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनके माध्यम से नहरों में पानी के बहाव और वितरण पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस व्यवस्था से जल वितरण को व्यवस्थित बनाने और नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी।जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सोनम बाजपेयी ने बताया कि जिले में तवा नहरों के माध्यम से 1,02,068 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। इसके अलावा आमाखाल, जामुनिया और इमलीढाना तालाबों से 2,775 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि एचबीसी में अजनई, खोदियाखेड़ी, गुरदिया और झाड़पा वितरिका पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसी प्रकार एलबीसी में रेवापुर वितरिका, सामरधा वितरिका, सोनतलाई नहर के एस्केप और माचक वितरिका पर भी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से नहरों में पानी के प्रवाह और वितरण की स्थिति पर नजर रखना आसान होगा। इससे जल प्रबंधन में सुधार के साथ सिंचाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी और अंतिम छोर के किसानों तक भी पर्याप्त पानी पहुंचाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

### कार्यपालन यंत्री ने हंडिया शाखा की अजनई-रुंदलाई उपनहरों का किया निरीक्षण



**हरदा।** जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सोनम बाजपेयी ने गुरूवार को संबंधित अधिकारियों एवं नहर अमले के साथ हंडिया शाखा नहर के अंतर्गत आने वाली अजनई एवं रुंदलाई उपनहरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नहरों की वर्तमान स्थिति एवं सिंचाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। श्रीमती बाजपेयी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरूवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत छात्र-छात्राओं को तंबाकू का सेवन न करने, तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने एवं समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. पीयूष दोगने ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनी प्रावधानों के अनुपालन को सुदृढ़ करने तथा शैक्षणिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू मुक्त वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 संचालित किया जा रहा है।

मप्र लेखक संघ की बैठक में स्थापना दिवस पर बनी सहमति

# 20 से 30 दिसंबर के बीच होगा आयोजन नववर्ष में होगा नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा की बैठक मॉडल पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में इकाई के वार्षिक स्थापना दिवस, नवीन कार्यकारिणी के गठन और वार्षिक सदस्यता शुल्क सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में वार्षिक स्थापना दिवस 20 से 30 दिसंबर 2026 के मध्य मनाने पर सहमति बनी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष मंसूर अली ने स्थापना दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित साहित्यकारों ने मंजूरी दी। सावन सिटोके ने जानकारी दी कि व्यक्तिगत कारणों से इकाई अध्यक्ष सुभाष सिटोके ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नवीन कार्यकारिणी का गठन नववर्ष में किया जाएगा। तब तक उपाध्यक्ष मंसूर अली कार्यकारी अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वार्षिक सदस्यता शुल्क पर भी विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। गोविंद हाशानी ने प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हुए कहा, "प्यार कर ले सभी को यारा, फिर प्रीत ही प्रीत है।" वरिष्ठ गीतकार रतन सोलंकी ने श्रृंगार रस की रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, "है यही प्रणय निवेदन, प्रिय इसे स्वीकार करना।" कपिल दुबे ने बदलते मानवीय व्यवहार पर कटाक्ष करते हुए कहा, "मुखौटे क्यों बदलकर जी रहे दिन-रात तुम।"

शिरीष अग्रवाल ने शरद ऋतु की चांदनी और प्रिय की सुंदरता को शब्दों में पिरोते हुए कहा, "तेरी सूरत जब उसमें नूरानी देखी।" जयकृष्ण चांडक ने जीवन के संघर्षों और अपनों से मिले दर्द को व्यक्त करते हुए कहा, "अपनों ने ही पहुंचाया, जिंदा हमको चीलों तक।" लोमेश गौर ने खिलौने बेचने वाले की पीड़ा और आर्थिक विषमता को उकेरते हुए कहा, "तेरे बच्चे खेलेंगे तो मेरे बच्चे खाएंगे। सावन सिटोके ने जीवन की उम्मीदों और खुशियों को अभिव्यक्त करते हुए कहा, "फिर भी लोग मानते रोज दिवाली हैं।" मंसूर अली मंसूर ने प्रेम की भावनाओं को स्वर देते हुए कहा, "आओ चांदनी शब में झील के किनारे तुम।" वहीं वरिष्ठ कवि दुर्गेशनंदन शर्मा ने दिन और रात के विरोधाभास को अपनी पंक्तियों में समेटते हुए कहा, "इन दोनों में प्यार है, कैसे करें यकीन।" साहित्यकारों ने प्रेम, सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्त किया।